<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दीपावली पर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को बोनस देने का किया ऐलान। चौदह लाख बयासी हजार राज्य कर्मचारी होंगे लाभान्वित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– मार्च दो हजार पच्चीस तक बत्तीस लाख करोड़ रुपये पहुंच जाएगी प्रदेश की जीडीपी।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन का कल अन्तिम दिन। अब तक चौंतीस प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद से जुड़े सभी मुकदमों पर एक साथ होगी सुनवाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलग–अलग सुनवाई की अपील की खारिज।

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के चौदह लाख बयासी हजार कर्मचारियों को दीवाली के पहले बोनस देने का निर्णय लिया। इस संबंध में कल देर शाम वित्त विभाग की ओर से शासनादेश भी जारी कर दिया गया। राज्य कर्मचारियों को वर्ष दो हजार तेइस चौबीस के लिए तीस दिनों की परिलब्धियों के बराबर बोनस दिया जाएगा, जिसके तहत हर कर्मचारी को छह हजार नौ सौ आठ रूपये मिलेंगे। इस धनराशि का पचहत्तर प्रतिशत कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जाएगा , जबकि पच्चीस प्रतिशत धनराशि का नकद भुगतान होगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि या जीपीएफ के सदस्य नही है उसे यह धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप मे या फिर पीपीएफ में जमा की जाएगी। पेश है एक रिपोट

***प्रदेश के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिलापंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठानों के कर्मचारियों और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023–2024 के लिए बोनस प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य कमर्चारियों को दीपावली से पहले अक्टूबर का वेतन जारी करने के आदेश दिए गये थे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

वेतन के साथ ही बोनस देने पर इस माह सरकार पर एक हजार बाईस करोड़ रूपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी दो हजार तेइस चौबीस में छब्बीस लाख करोड़ हो चुकी है, जो मार्च दो हजार पचीस तक बढ़कर बत्तीस लाख करोड़ रूपये तक पहुंच जाएगी। कल लखनऊ में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया, जिससे राज्य को 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

***आज उत्तर प्रदेश कार्य कर रहा है। साढ़े सात लाख करोड़ का बजट उप का है। उप की कॉलोनी कितनी थी? कुल जीडीपी हमारी कितनी थी बारह लाख करोड़ थी और आज यही उत्तर प्रदेश की जीडीपी तेईस चौबीस में बढ़कर के छब्बीस लाख करोड़ की हो चुकी है और हमारा अनुमान है कि इस वर्ष के अंत तक मार्च दो हज़ार पच्चीस में यही उत्तर प्रदेश की जीडीपी बत्तीस लाख करोड़ रुपए की होगी।***

श्री योगी ने कहा कि सरकार ने माफिया और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। राज्य में एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है जिसके तहत अब तक भू माफियों से चौसठ हजार एकड़ भूमि मुक्त करायी जा चुकी है।

**********

प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन है। अब तक चौतीस प्रत्याशी नामांकन कर चुके है। कल सर्वाधिक उन्नीस उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। इनमें प्रयागराज की फूलपुर सीट पर सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी, कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी, कुंदरकी से बसपा प्रत्याशी रफतुल्ला और मैनपुरी की करहल सीट से बसपा प्रत्याशी अवनीश कुमार ने पर्चा भरा। मीरापुर और मझवां विधानसभा के लिए 5–5, कुदंरकी, गाजियाबाद, सीसामऊ और कटेहरी से 1–1 और फूलपुर से 3 प्रत्याशियों ने कल नामांकन किये। वहीं अलीगढ़ की खैर सीट पर अब तक एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है।

**********

केन्द्र सरकार ने कल सब्सीडी वाली दालों के ब्रिकी के अपने कार्यक्रम का विस्तार करने की घोषणा की है। अब सरकार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लागने के लिए भारत ब्रांड के तहत साबूत चना और मसूर दाल की भी ब्रिकी करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के

मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड– एनसीसीएफ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड – नेफेड और केन्दीय भंडार के जरिए साबूत चना अट्ठावन रूपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल नवासी रूपये प्रति किलोग्राम दर से बेचा जाएगा। सरकार ने सहकारी समीतियों को तीन लाख टन चना और अडसठ हजार टन मूंग आवंटित किया है। एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चन्द्रा के मुताबिक वितरण दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महराष्ट्र से शुरू होगा। दस दिन के भीतर इसके देश व्यापी विस्तार की योजना है। प्रथम चरण के तहत गेहूं के आटे की वर्तमान दर तीस रूपये प्रति किलोग्राम, चावल चौतीस रूपये और चना दाल सत्तर रूपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मूंग दाल एक सौ सात रूपये और साबूत मूंग तिरानबे रूपये प्रति किलोग्राम है।

**********

गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में कल आयोजित गोरखपुर, आजमगढ़ और बस्ती मण्डल की संयुक्त रबी उत्पादकता गोष्ठी में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जीडीपी में वृद्धि के लिये कृषि में उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाना जरूरी है। सरकार इसके लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने रबी की बुआई के पूर्व ही कैबिनेट के भीतर दो हजार पच्चीस–छब्बीस के विपणन सत्र के लिये रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है।

**********

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के सभी मुकदमों की सुनवाई एक साथ ही होगी। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने कल इस मामले में दूसरे पक्ष की अर्ज़ी को खारिज कर दिया। दूसरे पक्ष ने उच्च न्यायालय से इस विवाद से जुड़े सभी मुकदमों की अलग अलग सुनवाई करने की अपील की थी। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बीते दिनों इस अर्ज़ी पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह फैसला सुरक्षित रखा था। इस मामले के वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि अगली सुनवाई 6 नवम्बर को होगी।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक–2024 के संबंध में बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और डुमरियागंज लोकसभा सीट से सांसद जगदंबिका पाल ने कल लखनऊ में कहा कि वक्फ बिल पर हो रही राजनीति सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कानून बनने से पहले इस पर विस्तृत चर्चा हो सके।

***लोकतंत्र में संसदीय समिति ज्वाइंट पालमेंटिक कमेटी ऑन वाक बनी है। इससे साफ है कि कोई पालियामेंट्रिक स्टैंडिंग कमेटी नहीं है। यह कमेटी स्पेशल स्पीकार साहब ने कस्ट्रीरूट किया है। सरकार की पहल पे सरकार ने कहा कि हम इस बिल को पारित करने की बजाय इसको हम जेपीसी में रिफर करना चाहते है कि जिससे कि और डिअेल डिस्क्रशन डेलीब्रेसन हो जाये सभी स्टाक होल्डर के साथ, हित धारकों के साथ यह जेपीसी कमेटी ऑल पार्टी मीटिंग ऑल पार्टी बातचीत लेकिन जिस तरह से जेपीसी में वक्फ पे राजनीतिकरण हो रहा है ये लेकिन प्रजातंत्र नहीं है अराजिक तंत्र हो गया अराजकता हो गई।***

**********

पराली जलाने के मामले में बरेली मंडल के 62 किसानों पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के किसानों पर मुकदमा दर्ज करने के साथ 2500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग लगातार किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक कर रहा है।

**********

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 25 और 26 अक्टूबर को मथुरा के परखम गांव में होगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेडकर ने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 की विजयादशमी, विशेष रूप से मनायी जायेगी।

**********

प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कल गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित पच्चीसवीं सब जूनियर रोइंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया। छब्बीस अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में उन्नीस राज्यों के दो सौ पैंतालीस खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उधर, प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कल मेरठ के चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 414 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 222 छात्र और 192 छात्राएं शामिल हैं।

**********